ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ....   दिनांक ....

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र 2022–25 में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र / छात्राओं का महाविद्यालय स्तर पर द्वितीय स्पॉट नामांकन (Second Spot Admission Process) के तहत नामांकन के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक संबंध में सूचित करना है कि स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र– 2022–25 में द्वितीय स्पॉट नामांकन (Second Spot Admission Process) निम्न प्रकार से लिया जायः–

1. जो छात्र / छात्रा पूर्व में नामांकन ले चुके हैं वैसे छात्र / छात्रा अब स्पॉट नामांकन (Spot Admission) प्रक्रिया के तहत पुनः नामांकन के योग्य नहीं होंगे। प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या से आग्रह है कि पूर्व में किसी भी विषय अथवा महाविद्यालय में नामांकित छात्रों का पुनः नामांकन नहीं लेंगे। पूर्व में नामांकित छात्र यदि पुनः नामांकन लेते है तो वैसे छात्र / छात्राओं का Updation नहीं होगा, जिसके कारण वैसे छात्र / छात्रा परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेगे।
2. ऑनलाईन आवेदन से वंचित छात्र / छात्राओं को इन तीन विषय ***यथा– इतिहास, हिन्दी एवं जन्तु विज्ञान विषय*** में छोड़कर अन्य सभी विषय मे ऑनलाईन आवेदन ***दिनांक– 29.11.2022 से 05.12.2022 तक*** कर सकते है। आवेदन करने के उपरान्त जिस महाविद्यालय में सीट रिक्त है, उन महाविद्यालय में नामांकन करा सकते है। ऐसे आवेदित छात्र / छात्राओं का अलग से कोई चयन सूची जारी नहीं किया जायेगा।
3. पूर्व में आवेदन किये हुए छात्र / छात्रा जिनका नामांकन अभी तक नहीं हुआ है, उन छात्रों का जिन विषयों में सीट रिक्त है **(इतिहास, हिन्दी एवं जन्तु विज्ञान विषय को छोड़कर)** ऑनलाईन आवेदन में दर्शाये गये पाँच विषयों में से किन्ही एक अहर्ता वाले विषय में ही प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या छात्रों से आवेदन लेकर अपने स्तर से विषय परिवर्तित कर छात्रों का द्वितीय स्पॉट नामांकन (Second Spot Admission) प्रक्रिया के तहत रिक्त सीटों पर सम्बन्धित महाविद्यालय में नामांकन ले सकते है। ऑनलाईन आवेदन में सम्मलित विषय के अलावे किसी अन्य विषय में विषय परिवर्तित कर नामांकन नहीं लेगे। पूर्व में ऑनलाईन आवेदन में सम्मिलित विषयों के अलावे किन्ही अन्य विषय में नामांकन लेते है तो वैसे छात्र / छात्राओं का Updation

28/11/22

नहीं हो पायेगा एवं वैसे छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित नही हो पायेंगे। इसकी सारी जावबदेही सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की होगी।

4. नामांकन ***"पहले आओ पहले पाओ"*** के आधार पर ***दिनांक–29.11.2022 से 07.12.2022 तक*** होगा। इस प्रक्रिया के तहत नामांकित छात्र/छात्राओं का ***प्रति–दिन Update*** अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय। महाविद्यालय नामांकित छात्र/छात्राओं का Dash Board पर Updation अधिंकतम ***दिनांक– 08.12.2022 तक*** किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उसके उपरान्त किसी भी प्रकार का Updation हेतु अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। Updation नही होने के कारण उत्पन्न स्थिति के लिये सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या उत्तरदायी माने जायेगे। Update करने में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें।
5. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों कि विषयवार रिक्त सीटों की सूचना, सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करें ताकि छात्रों को नामांकन हेतु विभिन्न महाविद्यालयों का अनावश्यक चक्कर ना लगाना पड़े। कागजातों की जाँचोपरान्त हीं उन अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। नामांकन के लिये पूर्व में प्रेषित पत्र छा0क0–126/22 दिनांक– 30.08.2022 अहर्ता से संबंधित क्रम सं0– 7 के अनुसार नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से एक भी अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश के उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे छात्र/छात्रा का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की होगी। एतद् संबंधी राज्य सरकार का पत्र अवलोकनार्थ संलग्न है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।
विश्वासभाजन,
ह0/–
(डॉ0 विजय कुमार यादव)
अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

ज्ञापांक छा0क0–157/22 **दिनांक** 28/11/2022

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव /प्रति–कुलपति/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **नोडल पदाधिकारी,** (विश्वविद्यालय वेबसाईट) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
3. **निदेशक,** यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

28/11/22

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

28/11/22